an>

Title: Regarding non-completion of work relating to widening and upgradation o f National Highways within the time limit.

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : महोदया, नेशनल हाईवेज़ के उन्नयन और चौड़ाईकरण के लिए काम चल रहे हैं और लगभग सभी कार्य निर्धारित समय में पूर्ण नहीं होकर विलंब से चल रहे हैं जिससे आम जनता को यातायात और परिवहन में भारी असुविधा हो रही है।

उदाहरण के तौर पर राजस्थान के अंदर नेशनल हाईवे नं. 8 का काम पिछले छः-सात साल से चल रहा है, परंतु इसके बावजूद भी यह कार्य आज तक पूरा नहीं हुआ। आम लोगों से टोलटैक्स वसूला जाता है। इसको लेकर लोगों में भारी आक्रोश रहता है। जयपुर से दिल्ली के बीच छः से सात घंटे से अधिक समय लगता है। ऐसे समय में मैं सरकार से यही कहना चाहता हूँ कि ऐसे में टोल टैक्स न वसूला जाए और शीघ्र ही इन कार्यों को पूरा किया जाए।

महोदया, हमारे ही क्षेत्र चुरू के अंदर एन.एच. 65 जो अब एन.एच. 52 हो चुका है, उसके अंदर भी कार्य अगस्त 2014 को आबंटित हुआ था किन्तु आज तक कार्य की स्पीड बिल्कुल भी नहीं बढ़ी है। फाइनैंशियल प्राबलम्स के कारण कॉन्ट्रैक्टर ने काम बंद कर रखा है, काम चालू नहीं है। रोड पर एक्सीडेंट्स होते हैं और समस्याएँ आती हैं। मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि इनकी फाइनैंशियल प्राबलम्स को देखकर सॉल्व किया जाए और ऐसे कार्यों को जल्दी पूर्ण किया जाए।

माननीय अध्यक्ष : श्री पी.पी.चौधरी को श्री राहुल कस्वां द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।